प्रवेश भवन
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज. 211002

PRAVESH BHAWAN
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
PRAYAGRAJ-211002

No. .........................

Date: 22/03/2023

# PRESS RELEASE

## Undergraduate Admission in Institute of Professional Studies (IPS) / Centre of Vocational Studies and Skill Development (CVSSD) of UoA (Academic Session 2023-24)

For the first time, the University of Allahabad is offering admission to several UG professional courses in IPS and CVSSD through Common University Entrance Test [CUET (UG) – 2023] being conducted by National Testing Agency (NTA), New Delhi. There are seven courses on offer in IPS and one is in CVSSD, whereas the total number of available seats is 468. In order to seek admission to these undergraduate programs of UoA for the academic session 2023-24, the candidates must appear in **CUET-UG-2023**. The Registration for CUET (UG) – 2023 is live since ***09th February 2023***. The last date for the final submission of the online Application Form with payment of the fee is ***30th March 2023***. The eligibility criteria and the number of seats is different for each course and the detail are mentioned below. In all courses, the applicant must choose one language (Section I: Hindi/English) as one of the subject combinations for the entrance examination. Furthermore, the applicant will also have to appear in the domain-specific subject test (Section II). General Test (Section III) is compulsory for all applicants.

- **BA Fashion Design and Technology:** Only female candidate is eligible. There are 58 seats for this course. The applicant, who has passed/appeared 10+2 from a recognised board of any stream, can apply to this course. This is the only course in which the test for domain subjects in the entrance examination (Section II) is not required.
- **B.Voc. (Media Production)** and **B.A. (Media Studies):** The media industry is growing at a very fast pace in the 21st century. To provide theoretical knowledge and practical exposure in Journalism for print and electronic media, the University of Allahabad is offering two courses namely: B.Voc. (Media Production) and B.A. (Media Studies) with 50 and 58 seats, respectively. The applicant, who has passed/appeared 10+2 from a recognised board of any stream, can apply to this course. In one of the languages (Hindi/English) as a subject and General Test in the entrance examination are compulsory for the applicant seeking admission in these courses. In the domain-specific subject test (Section II), the applicant will have to appear in the Mass Media/Mass Communication subject.
- **BCA (3-years), 5-years BCA & MCA (Data Science) and 3-years B.Voc. (Software Development) Degree Courses:** In order to provide quality education in computer-related programmes, the University of Allahabad is offering three courses namely: BCA (3-years degree course), 5-years BCA & MCA (Data Science) in IPS and 3-years degree programme B.Voc. (Software Development) in the CVSSD. There are 100 seats in BCA, 50 seats in 5-years BCA & MCA (Data Science) and 40 seats in B.Voc. (Software Development). The eligibility criteria for these courses are that an applicant has to passed/appeared in 10+2 from a recognised board in Science / Commerce Stream with Mathematics / Statistics / Information Technology / Computer Science / Information Science as one of the subjects in Class-XII. For the entrance examination, the applicant has to appear in General Test, one Language (Hindi/English) as a subject, and two domain subjects to have opted from Computer Science/Information Practices, Mathematics/Applied Mathematics and Physics.

- **5-years Food Technology Programme** and **3-years B.Voc. Food Processing:** The University of Allahabad has taken a holistic approach to provide skilled man-power in order to cater to the need of the ever-growing food industry by offering specific courses that can deliver sound knowledge and professional training in Food Technology. There are 50 seats in 5-years Food Technology Programme and 62 seats in B. Voc. Food Processing for this academic session. The eligibility criteria for these courses are that an applicant has to passed/appeared in 10+2 from a recognised board in Science Stream (PCB/PCBM/ PCM)/ 10+2 with Agriculture. For the entrance examination, the applicant has to appear in General Test, one Language (Hindi/English) as a subject and must appear in **any two of the domain subjects** from Physics, Mathematics/Applied Mathematics, Chemistry, Biology, Agriculture and Home Science.

**The admission test will be conducted in Computer Based Test (CBT) mode only.** For Papers, Scheme, Timing, Eligibility and other information, candidates are advised to check the Information Bulletin of CUET (UG) – 2023 available on the website: **https://cuet.samarth.ac.in/** for CUET (UG) – 2023 from time to time.

The **Scheme of Examination** and syllabus of the test are as follows:

| Section | Subjects/ Tests | Questions to be Attempted (MCQ)/Duration | Remarks |
|---|---|---|---|
| Section 1A & 1B- Languages | The details are available on our website (**www.allduniv.ac.in**) at **FREQUENTLY ASKED QUESTIONS FOR CUET -2023 FOR CANDIDATES SEEKING ADMISSION TO THE UNIVERSITY OF ALLAHABAD** | **40** questions to be attempted out of **50** in each language/**45** Minutes | **MARKING SCHEME OF EXAMINATION**<br>Correct answer or the most appropriate answer: **Five marks (+5)**<br>For any incorrect option marked **One Mark will be Deducted (-1)**. |
| Section II – Domain Specific Subject | | **40** questions to be attempted out of **50** in each language/**45 or 60** Minutes | |
| Section III - General Test | | **50** questions to be attempted out of 60 in each language/ **60** Minutes | |

| | |
|---|---|
| **Syllabus** | **Language** - Language to be tested through Reading Comprehension (based on different types of passages–Factual, Literary and Narrative, and Literary Aptitude and Vocabulary. |
| | **Domain Subject**-As given on NTA website **https://cuet.samarth.ac.in** |
| | **General Test**-General Knowledge, Current Affairs, General Mental Ability, Numerical Ability, Quantitative Reasoning (Simple application of basic mathematical concepts arithmetic / algebra geometry / mensuration / stat), Logical and Analytical Reasoning |

For more details on Papers, Schemes, Timing, eligibility and other information, candidates are requested to please check the Information Bulletin of CUET (UG) – 2023 available on the website: **https://cuet.samarth.ac.in/**

Candidates can apply for CUET (UG) - 2023 through the "Online" mode only on the website **https://cuet.samarth.ac.in/**. The Application Form in any other mode will not be accepted. Only one application is to be submitted by a candidate. Under no circumstances, candidates will be allowed to fill out more than one Application Form. Strict action will be taken, even later, against candidates who have filled out more than one Application Form.

For admission into the University of Allahabad, the candidates must strictly follow the guidelines on the tabs given on our websites (**www.allduniv.ac.in** and **https://cuet.samarth.ac.in/**): **FREQUENTLY ASKED QUESTIONS FOR CUET -2023 FOR CANDIDATES SEEKING ADMISSION TO THE UNIVERSITY OF ALLAHABAD** and TABLE 1: ELIGIBILITY REQUIREMENT IN UG COURSES.

In case any candidate faces difficulty applying for CUET (UG)–2023, he/she may contact 011-40759000 / 011-69227700 or e-mail at **cuet-ug@nta.ac.in**. The candidates are also advised to be in touch with the NTA website(s) **www.nta.ac.in** and **https://cuet.samarth.ac.in/** for the latest updates regarding the exam.

Jayanta Kumar Pati 22/03/2023

**Prof. Jayanta Kumar Pati**
Director, Admissions 2023

निदेशक प्रवेश–2023
...ाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
Director Admission-2023
University of Allahabad, Prayagraj

प्रवेशभवन
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज-211002

PRAVESHBHAWAN
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
PRAYAGRAJ-211002

क्रमांक:............................

दिनांक: 22/03/2023

## प्रेस - विज्ञप्ति

**इलाहाबाद विश्वविद्यालय केव्यवसायिक अध्ययन संस्थान (Institute of Professional Studies-आईपीएस) / व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशलप्रशिक्षण केंद्र (Centre for Vocational Studies-सीवीएसएसडी) में स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश(शैक्षणिक सत्र 2023-24) के संबंध में**

इलाहाबाद विश्वविद्यालयपहली बार व्यवसायिक अध्ययन संस्थान (आईपीएस) और व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशलप्रशिक्षण केंद्र (सीवीएसएसडी) में प्रचलित स्नातक स्तरीय विविधव्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु आवेदन की प्रक्रियाराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित की जा रही विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा-सीयूईटी(यूजी)-2023 के माध्यम से करने जा रहा है।सीयूईटी (यूजी) - 2023 के लिए पंजीकरण 09 फरवरी 2023 से चल रहा है। शुल्क के भुगतान के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2023 है।आईपीएसमें सात और सीवीएसएसडीमें एक पाठ्यक्रम संचालितकिया जाता हैतथा इनमें कुल सीटों की संख्या 468है।इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षासीयूईटी(यूजी)-2023 में उपस्थित होना अनिवार्य है।

प्रत्येक पाठ्यक्रम की पात्रता आवश्यकताओंऔर उसकेअंतर्गत उपलब्धसीटों की संख्या अलग-अलग है जिनका विवरण नीचे उल्लिखित है। सभी पाठ्यक्रमों में, आवेदक को प्रवेश परीक्षा हेतु एक विषय संयोजन के रूप में खंड-I से **हिंदी** अथवा **अंग्रेजी** में से एक भाषा का चयन करना होगा। इसके अलावा, आवेदक को **डोमेन विशिष्ट विषय** परीक्षा (खंड- II) में भी उपस्थित होना होगा।**सामान्य परीक्षण परीक्षा**(खंड-III) सभी आवेदकों के लिए अनिवार्य है।

- **बी.ए. फैशन डिजाइन और टेक्नोलॉजी:** यह पाठ्यक्रम केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए है। इस पाठ्यक्रम में कुल 58 सीटें उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी जिन्होंने किसी भी पाठ्यक्रम में मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण की हैया सम्मिलित हुए हैं, वे इस पाठ्यक्रम हेतु आवेदन कर सकते हैं। यह एकमात्र ऐसा पाठ्यक्रम है जिसमें प्रवेश के लिए डोमेन विशिष्ट विषय परीक्षा (खंड- II) में उपस्थित होने की **आवश्यकतानहींहै**।
- **बी.वोक. (मीडिया प्रोडक्शन) और बी.ए. (मीडिया अध्ययन):** 21वीं सदी में मीडिया का क्षेत्र अत्यंत तीव्र गति से विकसित हो रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए पत्रकारिता में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रदर्शन प्रदान करने के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दो पाठ्यक्रमों- बी.वोक. (मीडिया प्रोडक्शन) और बी.ए. (मीडिया स्टडीज) संचालितकिया जाता है, जिनमें क्रमशः 50 और 58 सीटें उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी जिन्होंने किसी भी स्ट्रीममें मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण की हैया सम्मिलित हुए हैं, वे इस पाठ्यक्रम हेतु आवेदन कर सकते हैं।आवेदक को प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा में खंड- I और खंड- III के अलावा डोमेन विशिष्ट विषय(खंड- II) के रूप में **मास मीडिया/मास कम्युनिकेशन विषय**की परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

➢ **बीसीए (त्रिवर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम), पंचवर्षीय बीसीए और एमसीए (डेटा साइंस) और त्रिवर्षीय बी. वोक. (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट):** कंप्यूटर से संबंधित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय में तीन पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं: आईपीएस में बीसीए (त्रिवर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम), पंचवर्षीय बीसीए और एमसीए (डेटा साइंस) और सीवीएसएसडी में त्रिवर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम बी.वोक. (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट)। बीसीए में 100 सीटें, पंचवर्षीय बीसीए और एमसीए (डेटा साइंस) में 50 सीटें, और बी.वोक. (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट) में 40 सीटें उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी जिन्होंने गणित / सांख्यिकी / सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर विज्ञान / सूचना विज्ञान में से एक विषय के साथ विज्ञान / वाणिज्य स्ट्रीम किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण की है या सम्मिलित हुए हैं, वे इस पाठ्यक्रम हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को प्रवेश हेतु खंड- I और खंड- III के अलावा (खंड- II) डोमेन विशिष्ट विषय के रूप कंप्यूटर विज्ञान/सूचना अभ्यास, गणित/ व्यावहारिक गणित और भौतिकी में से किन्हीं दो विषयों की प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

➢ **पंचवर्षीय फ़ूड टेक्नोलॉजी कार्यक्रम और त्रिवर्षीय बी.वोक. फ़ूड प्रोसेसिंग:** इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने लगातार बढ़ते खाद्य उद्योग की आवशयक्ताओं की पूर्ति हेतु कुशल जनशक्ति प्रदान करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। इस संबंध में, विश्वविद्यालय खाद्य प्रौद्योगिकी में ठोस ज्ञान और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशिष्ट पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। इस शैक्षणिक सत्र के लिए पंचवर्षीय के फूड टेक्नोलॉजी प्रोग्राम में 50 और बी वोक फ़ूड प्रोसेसिंग में 62 सीटें उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी जिन्होंने विज्ञान स्ट्रीम (पीसीबी/पीसीबीएम/पीसीएम)/ कृषि स्ट्रीम में किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 में उत्तीर्ण की है या सम्मिलित हुए हैं, वे इस पाठ्यक्रम हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को प्रवेश हेतु खंड- I और खंड- III के अलावा (खंड- II)-डोमेन विशिष्ट विषय के रूप में भौतिकी, गणित/ व्यावहारिक गणित, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि और गृह विज्ञान में से **किन्हीं दो विषयों** की प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होना होगा।

प्रवेश परीक्षा केवल कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षा की योजना और पाठ्यक्रम इस प्रकार है:

| **खंड** | **विषय / टेस्ट** | **प्रयास किए जाने वाले मल्टीप्ल चॉइस प्रश्न (एमसीक्यू)/अवधि** | **टिप्पणियां** |
|---|---|---|---|
| खंड I – भाषा | विवरण इलाहाबाद विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है: इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थी के लिए सीयूईटी(यूजी)-2023 के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न टैब पर क्लिक करें **(www.allduniv.ac.in)** | प्रत्येक भाषा में 45 मिनट की अवधि में में 50 में से 40 प्रश्नों के लिए प्रयास किया जाना है | **परीक्षा की अंकन योजना:** सही उत्तर या सबसे उपयुक्त उत्तर **के पांच अंक (+5) जोड़े जायेंगे।** चिन्हित किसी भी गलत विकल्प के लिए **एक अंक (-1) घटा दिया जाएगा।** |
| खंड II – डोमेन विशिष्ट विषय | | प्रत्येक विषय में 45 या 60 मिनट की अवधि में 50 में से 40 प्रश्नों के लिए प्रयास किया जाना है | |
| खंड III – सामान्य परीक्षण | | 60 मिनट की अवधि में 60 में से 50 प्रश्नों के लिए प्रयास किया जाना है | |

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम | **खंड I भाषा:** पढ़ने की समझ के माध्यम से परीक्षण की जाने वाली भाषा *(विभिन्न प्रकार के मार्ग- तथ्यात्मक, साहित्यिक और कथात्मक, और साहित्यिक योग्यता और शब्दावली के आधार पर।)* |
| | **खंड II डोमेन विशिष्ट विषय:** जैसा कि एनटीए की वेबसाइट **https://cuet.samarth.ac.in** पर दिया गया है। |
| | **खंड III सामान्य परीक्षण**: सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स, सामान्य मानसिक क्षमता, संख्यात्मक क्षमता, मात्रात्मक तर्क *(गणितीय / बीजगणित ज्यामिति / क्षेत्रमिति / सांख्यिकी की बुनियादी गणितीय अवधारणाओं का सरल अनुप्रयोग)*, तार्किक और विश्लेषणात्मक तर्क |

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे कागजात, योजनाओं, समय, पात्रता और अन्य जानकारी के बारे में अधिक जानकारी के लिए, सीयूईटी(यूजी)-2023 के सूचना बुलेटिन की जांच वेबसाइट पर करें: **https://cuet.samarth.ac.in/**

अभ्यर्थी विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा सीयूईटी(यूजी)-2023 के लिए केवल "ऑनलाइन" मोड के माध्यम से वेबसाइट **https://cuet.samarth.ac.in/** पर आवेदन कर सकते हैं। किसी अन्य मोड में आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक अभ्यर्थी द्वारा केवल एक आवेदन जमा किया जाना है। किसी भी परिस्थितियों में अभ्यर्थियों को एक से अधिक आवेदन पत्र भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक से अधिक आवेदन पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ यदि बाद में भी ज्ञात होता है तो भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी हमारी वेबसाइटस (**www.allduniv.ac.in** और **https://cuet.samarth.ac.in/**) पर उपलब्ध टैब पर देखें और दिए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें: ***"इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा सीयूईटी(यूजी)-2023 के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न"*** और ***"तालिका-1: स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों पात्रता की शर्तें"***

यदि किसी अभयर्थी को सीयूईटी (यूजी)-2023 के लिए आवेदन करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है तो वह 011-40759000/011-69227700 पर संपर्क कर सकता है या **cuet-ug@nta.ac.in** पर ई-मेल कर सकता है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के संबंध में नवीनतम अपडेट के लिए एनटीए वेबसाइट **www.nta.ac.in** और **https://cuet.samarth.ac.in/** के संपर्क में रहें।

Jayanta Kumar Pati
22/03/2023

**प्रो. जयंत कुमार पति**
निदेशक, प्रवेश 2023

निदेशक प्रवेश-2023
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
...ctor Admission-2023
Univ... of Allahabad, Prayagraj